
मंगलवार
06 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



दहेज में नहीं मिली बाइक तो शादी के छह माह बाद गला घोंटकर गर्भवती... 2

# सैड न्यूज : ट्रेन हादसे में अब तक 187 लोगों की शिनाख्त तक नहीं हो पाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को हुई भीषण रेल दुर्घटना में अब तक 275 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है। हादसे में एक हजार के करीब लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से कइयों की हालत गंभीर बताई गई है।लेकिन एक अहम बात ये है कि त्रासदी में मरने वाले 275 लोगों में से अब तक 187 लोगों की शिनाख्त तक नहीं हो पाई है। ऐसे में उन लोगों के परिजनों को मुआवजा कैसे मिलेगा? केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि हजार से अधिक घायलों को भुवनेश्वर से लेकर बालासोर, भद्रक और कटक के अस्पतालों में रखा गया जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने लोगों को मुआवजे देने की ज़िम्मेदारी ली है, और इसलिए लिए हेल्प डेस्क भी चालू किया गया है।वहीं ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी प्रदीप जेना का कहना है कि मृतकों की पहचान करना सरकार के लिए फिलहाल बड़ा चैलेंज है।उन्होंने कहा कि 187 मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों की तस्वीर के साथ एक लिस्ट बनाकर तीन सरकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई है। जरूरत पड़ने पर सरकार डीएनए टेस्ट भी करवाया जाएगा। इधर सीबीआई ने रेल हादसे की जाँच शुरू कर दी है।

शवों की शिनाख्त के लिए राज्य सरकार ने एक लिस्ट बनाई है जिसे



तस्वीरों के साथ तीन वेबसाइटों पर अपलोड किया गया है।चीफ सेक्रेटरी का कहना है कि जरूरत पड़ने पर शवों की डीएनए परीक्षा भी की जाएगी। शवों की शिनाख्त करने के लिए प्रशासन ने परिजनों से भुवनेश्वर म्युनिसिपल कारपोरेशन से संपर्क करने के लिए कहा है। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर पर फोन कर पीड़ित परिवार दुर्घटना से प्रभावित अपने लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।जिन लोगों का इलाज चल रहा है उनकी जानकारी भी इन तीन वेबसाइटों पर अपलोड की गई है। हालांकि अस्पताल के अनुसार लिस्ट अभी भी नहीं बन पाई है।

## परिवार के सदस्य को नौकरी देने का एलान : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

ओडिशा के बालेश्वर में हुए रेल हादसे में पश्चिम बंगाल के कई लोगों की जान गई है और कई घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच सीएम ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए आज बड़ा ऐलान किया है। ममता ने मृतकों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की बात कही है। ममता ने कहा कि बंगाल सरकार राज्य के उन लोगों को भी नकद सहायता देगी जो कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे और वर्तमान में मानसिक और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं। वह अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे घायल यात्रियों से मिलने के लिए मंगलवार को भुवनेश्वर और कटक जाएंगी।

# भरोसे लायक नहीं पाक, हथियार देने की गलती न करें : रक्षामंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान के बीच की तल्खी किसी से छिपी हुई नहीं है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत के दौरे पर हैं। ऐसे में भारत ने अमेरिका को आगाह कर दिया है कि वह हथियारों के मामले में पाकिस्तान पर विश्वास नहीं करे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा मंत्री ऑस्टिन से कहा कि हथियारों के मामले में पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह हथियारों और तकनीक का दुरुपयोग कर सकता है जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता आ सकती है।



अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के उनके समक्ष यह चिंता जताई गई। बता दें कि अमेरिका के रक्षा मंत्री भारत के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उनका यह दौरा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 से 24 जून को होने वाले अमेरिका दौरे से पहले हुआ है। इस बैठक से पहले राजनाथ सिंह की उपस्थिति में अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन को ट्राई सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान इंडो पैसिफिक सहित क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत हुई। भारत के पड़ोसियों को लेकर भी चर्चा हुई। एक अधिकारी ने कहा कि भारत ने अमेरिका से कहा कि वह आधुनिक हथियारों और उपकरणों को लेकर पाकिस्तान पर विश्वास नहीं करे।इस दौरान दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच एलओसी पर चीन की स्थिति को लेकर भी चर्चा हुई। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने दोनों देशों से बातचीत की है। हमारा पूरा जोर इस पर है कि दोनों देशों के बीच तनाव नही बढ़े। सूत्रों ने बताया कि जीई 414 जेट इंजन सौदा अंतिम चरण में है और मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान इसका ऐलान किया जाएगा। जीई-414 आईएनएस6 इंजन है। जनरल इलेक्ट्रिक के प्रस्ताव के अलावा भारत की अमेरिका से 30 एमक्यू-9बी आर्म्ड ड्रोन खरीदने की योजना है। यह सौदा तीन अरब डॉलर में हो सकता है।

भारत ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह रक्षा क्षेत्र के लिए भारत से सोर्सिंग को बढ़ा दे, जिससे देश का राजस्व बढ़ सके। सूत्रों का कहना है कि इसके अलावा भारत ने अमेरिका से भारत में मेंटेनेंस एंड रिपेयर ऑपरेशन (एमआरओ) स्थापित करने को कहा है, जिससे समय और संसाधन बच सकेगा। भारत अपनी लड़ाकू विमान बनाने की क्षमता को बढ़ाने के लिए जेट इंजन भारत में ही मैन्युफैक्चरिंग करना चाहता है। बता दें कि यह ऑस्टिन का यह दूसरा भारत दौरा है। वह इससे पहल मार्च 2021 में भारत आ चुके हैं।

# विपक्षी दलों की 12 जून को पटना में होने वाली बैठक स्थगित

**पटना,संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने हेतु 12 जून को बुलाई गई बैठक टल गई गई है। अब यह बैठक सभी दलों के नेताओं से विचार विमर्श के बाद तय होगी। ऐसी संभावना है कि 20 से 25 जून के बीच यह बैठक निर्धारित की जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गैर भाजपा दलों यानी विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की पहल कर रहें हैं। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस समेत तमाम क्षेत्रीय पार्टी के नेताओं से अलग अलग मुलाकात की थी।

आगामी लोकसभा चुनाव में सभी दलों को एक मंच पर आकर एक रणनीति की तहत चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा की है। अलग अलग बैठक के बाद सभी दलों के शीर्ष नेताओं की बैठक 12 जून को पटना में निर्धारित की गई थी, पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और डीएमके नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अपने-अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते 12 जून की बैठक में शरीक होने में कठिनाई महसूस कर रहे थे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी अमेरिका दौरे पर हैं। इसलिए 12 जून की बैठक को टाल दी गई है और नये सिरे से नई तारीख तय की जा रही है। 12 जून को बैठक आयोजित होने पर कांग्रेस ने दूसरी पंक्ति के नेता को भेजने की बात कही थी, पर नीतीश कुमार नहीं चाहतें हैं कि दूसरे पंक्ति के नेताओं के साथ इस तरह की बैठक की जाए।

नीतीश कुमार की कोशिश है कि इस बैठक में विपक्षी एकता को लेकर मजबूत फैसले लिए जाएं और उस फैसले को लागू कराने के लिए रणनीति पर भी तैयारी की जाए। तत्काल इस रणनीति पर चर्चा हो रही है कि जिस राज्य में जो दल मजबूत स्थिति में है, वह वहां लीड करेगा और अन्य दलों के नेता सहयोगी की भूमिका में रहेंगे। वहीं भाजपा के एक प्रत्याशी के खिलाफ विपक्षी दल के एक प्रत्याशी खड़ा करने की रणनीति पर भी चर्चा होनी है।

## पटना में चार युवकों ने नाबालिग से किया सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**पटना, संवाददाता।** राजधानी पटना में एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें पीरबहोर थाना क्षेत्र के एक होटल में जहां चार युवको ने मिलकर बारी- बारी से नाबालिग के अस्मत को तार तार किया। घटना को अंजाम देने के लिए प्रेमी ने नाबालिग को होटल में बुलाया और 3 दिनों तक रखा। फिर अपने दोस्तों के साथ मिलकर दरिंदगी की। बताया जाता है कि कोइरी टोला निवासी अनुराग गुप्ता का नाबालिग के साथ प्रेम संबंध था। अनुराग ने एक जून को फोन कर मिलने बुलाया। नाबालिग पहुंची तो अनुराग ने अपने ममेरे भाई समेत अन्य दोस्तों को पथरी घाट बुलाया। यहां से सभी गोविंद मित्रा रोड स्थित एक होटल गए।

## नीतीश ने स्वीकार किया कि पुल का निर्माण सही ढंग से नहीं हो रहा

**पटना, संवाददाता।**

बिहार में 1710 करोड़ की लागत से बनने वाला अगुवानी-सुल्तानगंज पुल रविवार शाम गंगा नदी में समा गया। इस पुल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है। पुल के गिरने के बाद मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि यह पुल पिछले साल भी टूटा था। मैंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।



इसका निर्माण सही ढंग से नहीं हो रहा है, जिससे यह बार-बार गिर रहा है। विभाग इस पर गौर करेगा और कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर जेपी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मीडिया से बात करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पिछली बार जब पुल का एक हिस्सा गिरा था तो जांच कराई गई थी और निर्माण एजेंसी को कई तरह के निर्देश दिये गये थे। इसके बाद फिर से पुल का एक हिस्सा गिर गया है। गड़बड़ बन रहा होगा। इसलिए गिर गया है। जो निर्माण एजेंसी की लापरवाही को दिखाता है। पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।


**मैं गांधी के रास्ते पर वो गोडसे के रास्ते पर चल रहे हैं**

# मोदी इतिहास की राजनीति कर रहे हैं, हम भविष्य की : राहुल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका से एक बार फिर भाजपा, पीएम नरेंद्र मोदी और आरएसएस पर निशाना साधा है। न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भविष्य की तरफ देखने में अक्षम हैं और सिर्फ.पीछे ही देखते हैं।राहुल गांधी ने ओडिशा में हुए रेल हादसे पर टिप्पणी करते हुए ये भी कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हुए हादसे के समय मंत्री ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन भाजपा में कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रियर व्यू मिरर में देखते हुए कार चला रहे हैं



और उन्हें पता नहीं है कि भारतीय कार बार-बार हादसों का शिकार क्यों हो रही है। राहुल गांधी ने कहा की आप जानते हैं कि भारत में इस समय लड़ाई चल रही है, ये लड़ाई दो विचारधाराओं की है। एक जिसका प्रतिनिधित्व हम करते हैं और दूसरा जिसका प्रतिनिधित्व आरएसएस और भाजपा करते हैं। राहुल ने कहा कि साधारण शब्दों में कहें तो एक तरफ महात्मा गांधी हैं और दूसरी तरफ नाथूराम गोडसे हैं। एक तरफ एक बहादुर व्यक्ति है, जो आपके जैसा एनआरआई है, जो संभवतः भारत का कई सालों में सबसे प्रभावशाली, विनम्र और सादगी भरा एनआरआई है।वो व्यक्ति जिसे भारत की विचारधारा में विश्वास था। जिसने अहिंसा को आत्मसात किया और जो सत्य के पथ पर चला। दूसरी तरफ नाथूराम गोडसे हैं जो हिंसक हैं, उग्र हैं और जो अपने जीवन की सच्चाई का सामना करने में असमर्थ हैं।



# सोनपुर में एमएमडीपी क्लिनिक का उद्घाटन, मरीजों के बीच किट वितरित

❐ हाथीपांव के ग्रेड तीन से ऊपर के मरीजों को दी गई एमएमडीपी किट के इस्तेमाल की जानकारी

**केटी न्यूज/छपरा**

फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी जिसे हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। यह क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इस बीमारी से संक्रमित होने के बाद लोगों में कई वर्ष के बाद यह हाथीपांव, बढ़े हुए हाइड्रोसील, महिलाओं के स्तनों में सूजन इत्यादि के रूप में लक्षण दिखाई देता है। जो कालांतर में मरीज को दिव्यांगता की ओर ले जाता है। जिसे लोगों को बचाने और फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सरकार और विभाग पूरी तरह से तत्पर है। जिसको लेकर सारण जिले के सभी प्रखंडों में मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) क्लिनिक का उद्घाटन किया जा रहा है। साथ ही, फाइलेरिया के हाथीपांव मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया जा रहा है। ताकि, किट का इस्तेमाल कर फाइलेरिया मरीज अपनी बीमारी की रोकथाम कर सकें। इस क्रम में सोमवार को जिले के सोनपुर अनुमंडल अस्पताल में एमएमडीपी क्लिनिक का शुभारंभ सह किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मच्छरों के काटने से फैलता है फाइलेरिया का संक्रमण** : कार्यक्रम के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ. हरिशंकर चौधरी ने मरीजों को



संबोधित करते हुए बताया कि फाइलेरिया मरीजों की देखभाल को स्वास्थ्य विभाग एमएमडीपी किट मुफ्त में उपलब्ध कराएगा। साथ ही, एमएमडीपी क्लिनिक पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समय समय किट के उपयोग के तौर तरीके भी सिखाए जाएंगे। किट के प्रयोग से फाइलेरिया मरीजों को काफी राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया का संक्रमण मच्छरों के काटने से फैलता है। सामान्यतः यह संक्रमण शुरूआती बचपन में ही हो जरूरी नहीं, यह बीमारी कई वर्षों बाद प्रकट होती है। इस प्रकार, सामान्य एवं स्वस्थ्य दिखनेवाले व्यक्ति को कुछ सालों बाद पैरों , हाथों एवं शरीर के अन्य भाग में अत्यधिक सूजन उत्पन्न होने लगती है।

**फाइलेरिया का शरीर पर प्रभाव एवं लक्षण** : जिला वेक्टर जनित सलाहकार सुधीर कुमार ने बताया कि इसका प्रभाव अस्वस्थ्य त्वचा पर होता है। इसके कारण प्रभावित अंगों में दर्द, लालपन एवं रोगी को बुखार हो जाता है। हाथ-पैर, अंडकोष व शरीर के अन्य अंगों में सूजन के लक्षण होते हैं। प्रारंभ में या सूजन अस्थायी हो सकता किन्तु बाद में स्थायी और लाइलाज हो जाता है। वहीं गंभीर रूप से पीड़ित फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। वहीं, केयर इंडिया के डीपीओ आदित्य कुमार सिंह ने फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट के इस्तेमाल की जानकारी दी। साथ ही, उन्हें फाइलेरिया के प्रभावित अंगों जैसे हाथों और पैरों की साफ सफाई के साथ उन्हें व्यायाम की भी जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम के दौरान 35 मरीजों के बीच किट का वितरण हुआ। जिसमें एक छोटा टब, मग, साबुन, एंटी सैप्टिक क्रीम, सूती तौलिया इत्यादि सामान शामिल हैं। मौके पर अस्पताल प्रबंधक मृत्युंजय पांडेय, बीसीएम पूनम भारती, वीबीडीएस पंकज कुमार पूर्वे, केयर बीसी विनय कुमार सिंह, समेत पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### बारात में युवक की हत्या करने का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के चैता टोला गांव में बारात में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली मारकर युवक की हत्या करने का दूसरा आरोपित भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शनिवार की रात उसे चांदी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रामपुर गांव निवासी अर्जुन यादव उर्फ अरुण का पुत्र बलवंत कुमार है। घटना के समय ही ग्रामीण के सहयोग से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह रामपुर गांव का ही रहने वाले विनोद यादव का पुत्र बबलू कुमार है। इनकी गिरफ्तारी से फरवरी माह में गोली मार ट्रक चालक से लूटपाट का भी खुलासा हुआ है। पुलिस जल्द ही आरोपितों के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की की कार्रवाई करेगी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि चैता टोला गांव निवासी बिंदा सिंह के घर शुक्रवार की रात बेटी की बारात आयी थी। उसमें नाच का प्रोग्राम चल रहा था। रामपुर गांव के कुछ लड़के स्टेज पर चढ़कर डांस और हर्ष फायरिंग कर रहे थे। उसे लेकर उनकी बारातियों और गांव के लोगों के साथ झगड़ा हुआ था। उसी दौरान युवकों की ओर से की गयी फायरिंग में चैता टोला निवासी दिनेश यादव उर्फ लोरिक यादव की गोली लगने से मौत हो गयी।

### स्कूल की खिड़की से गमछा बांध युवक ने की खुदकुशी

**आरा।** चौरी थाना क्षेत्र के बाबूबांध गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक युवक का शव रविवार की सुबह खिड़की से लटका मिला। वह गमछा के सहारे खिड़की से लटका हुआ था। मृतक बाबूबांध गांव निवासी दशरथ बैठा का बेटा अमित कुमार था। उसकी खुदकुशी की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि वह किसी से वीडियो कॉल पर बातचीत कर रहा था। इस दौरान खुदकुशी कर ली। इधर, शव मिलने से गांव में सनसनी मच गई है। देखते ही लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलने पर चौरी थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद शव को खिड़की से नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। कुछ माह पूर्व वह अपने गांव आया था जबकि उसकी पत्नी दिल्ली में ही रह रही है। वह हमेशा फोन से किसी से बात करता रहता था। शनिवार की शाम करीब चार बजे वह फोन पर बात करते घर से निकला था। देर शाम तक वह घर नहीं लौटा, तो काफी खोजबीन की गयी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह गांव के लोग स्कूल की ओर गए, तो देखा कि उसका शव स्कूल की खिड़की से लटका हुआ है।

# दहेज में नहीं मिली बाइक तो शादी के छह माह बाद गला घोंटकर गर्भवती महिला की हत्या

❐ मृतका के परिजनों ने अवैध संबंध के चक्कर में बेटी को मार डालने का लगाया आरोप

❐ सास-ससुर और पति समेत पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज, छापेमारी जारी

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़िया मीठा कुआं मोहल्ले में एक गर्भवती महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी गयी। घटना सोमवार की सुबह की है। जिसमें गर्भवती महिला के ससुराल वालों ने महज एक बाइक की मांग न पूरी होने पर वारदात को अंजाम दिया। मृतका का नाम रामगढ़िया मीठा कुआं निवासी उज्जवल कुमार उर्फ अविनाश की पत्नी नेहा सोनी (23 वर्षीया) बताया जा रहा है। जो छह माह की गर्भवती थी। बताया जा रहा है कि उसका पति अविनाश पेशे से ज्वेलर्स है। जिसकी नवादा थाने क्षेत्र के बहिरो में सोने-चांदी की दुकान है। घटना को लेकर मोहल्ले में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में महिला की गला दबाकर हत्या किये जाने की आशंका जताई गई है।

मृतका के परिजनों ने सोनी के पति, सास, ससुर और ननद पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसके पति अविनाश पर दूसरे लड़की से अवैध संबंध होने की बात कही है। प्राथमिकी में परिजनों ने बताया है कि उनके दामाद का किसी अन्य लड़की से भी अवैध संबंध भी है। उसके कारण वह उनकी बेटी को हमेशा कहता था कि तुम पसंद नहीं हो। वह हमेशा कहा था कि उसी लड़की से शादी करेगा। जिसको लेकर उसने अपने घर वालों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है।



### बुलेट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये की कर रहे थे मांग :

मामले में नवादा थाना क्षेत्र के आनइठ मोहल्ला निवासी अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी बेटी नेहा सोनी की शादी 13 दिसंबर 2022 को रामगढ़िया मीठा कुआं निवासी शिवजी प्रसाद के बेटे उज्जवल कुमार उर्फ अविनाश के साथ की हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति द्वारा बुलेट खरीदने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। साथ ही, इन सभी बातों को लेकर उसके पति और ससुराल वालों द्वारा उनकी बेटी को हमेशा प्रताड़ित किया जाता था। सोमवार की सुबह उनके द्वारा फोन कर बताया कि उनके बेटी की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद वे लोग उसके ससुराल रामगढ़िया मीठा कुआं पहुंचे। जहां पाया कि उनकी बेटी मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। बताया जा रहा है कि नेहा अपने दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके परिवार में मां शोभा देवी, बहन साक्षी कुमारी और भाई आयुष कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मामले में पुलिस ने बताया कि मामले में मृतका के परिजनों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसके आधार पर जांच करी जा रही है। साथ ही, आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## दहेज के लिए महिला की पीटकर हत्या, बोरे में बांध नदी में फेंका शव



**आरा।** संदेश थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में रविवार की रात दहेज के लिए एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। उसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को बोरे में बंद कर नदी में फेंक दिया गया। सोमवार की सुबह उसका शव कुम्हरी नदी से बरामद किया गया। महिला के दायें आंख के पास गाल पर खून बहता जबकि गले के नीचे और छाती के पास चमड़ी हटने का जख्म के निशान पाए गए हैं। मृत महिला सुंदरपुर गांव निवासी मुन्ना कुमार की 24 वर्षीया पत्नी शकुंतला देवी थी। वहीं, सुबह होते ही नदी से बोरे में बंद शव मिलने से गांव में सनसनी मच गई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। चांदी थाने के जोकटा गांव निवासी बुटन कुमार ने बताया कि उसकी बहन शकुंतला देवी की शादी 24 मई 2019 में संदेश थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी मंटू यादव के पुत्र मुन्ना कुमार के साथ हुई थी। शादी के दो साल बीत जाने के बाद उसके पति और सास सहित अन्य ससुराल वालों द्वारा दहेज में बाइक एवं सोने के चैन की मांग की जाने लगी थी। उसे लेकर उसकी बहन को हमेशा प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बीच सोमवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा फोन के जरिए सूचना मिली कि उसकी बहन की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया है। सूचना पर वे लोग उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि पति सहित सभी लोग घर से फरार है। पुलिस मामले की छानबीन करते हुए आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। जोकटा गांव निवासी बुटन कुमार ने बताया कि उसकी बहन अक्सर दहेज में सोने की चेन और बाइक के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत करती थी। तब मायके वालों द्वारा बाइक और चैन देने की हामी भरी गयी थी। उसने बताया कि दो माह पूर्व ही उसकी बहन मायके जोकटा आयी थी। एक जून को वह वापस अपने मायके से अपने ससुराल सुंदरपुर गांव लौटी थी इसके बाद मायके वालों से उसकी फोन पर कोई बात नहीं हुई। इसी बीच सोमवार की सुबह हत्या की खबर आ गयी।

## एक नजर

### सम्पूर्ण क्रांति दिवस पर याद किये गए लोकनायक जय प्रकाश



**जहानाबाद।** सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर सोमवार को जदयू के द्वारा जिला कार्यालय में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन एवं याद किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि सम्पूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे अधिक दबे-कुचले व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है। उन्होंने कहा था कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियां शामिल है। जो राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति है। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आहवान किया था। मैदान में उपस्थित लाखों लोगों ने जात-पात, तिक, दहेज और भेद-भाव छोड़ने का संकल्प लिया था। पटना के गाँधी मैदान में नारा गूंजा था: जात-पात तोड़ दो, तिलक-दहेज छोड़ दो। समाज के प्रवाह को नई दिशा में मोड़ दो। इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेंद्र किशोर प्रदेश सचिव रंगनाथ शर्मा, संगठन प्रभारी महेन्द्र कुमार सिंह, प्रधान महासचिव रामभवन सिंह कुशवाहा प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, मुरारी यादव, नरेंद्र किशोर सिंह, मूर्तजा अंसारी, सुनील पांडेय, मधेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

### दिघा विधायक का हुआ जोरदार स्वागत



**जहानाबाद।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष कुणाल गुप्ता के नेतृत्व में नगर मंडल के कार्यकताओं के द्वारा दिघा विधायक सह प्रदेश महामंत्री संजीव चौरसिया का विश्व पर्यावरण दिवस और नौ साल बेमिसाल के अवसर पर नेशनल हाईवे 83 पर मई गुमटी के पास कार्यक्रम में पहुंचे। पटना से मई गुमटी के पास जाने के क्रम में प्राचीन देवी मंदिर ऊंटा के पास नगर मंडल के सभी कार्यकताओं ने गगनचुंबी नारों से प्रदेश महामंत्री जी का स्वागत किया। नगर मंडल के कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया एवं अंग वस्त्र पहनाकर संजीव चौरसिया जी का भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार, पूर्व नगर अध्यक्ष सरजू कुमार, नगर महामंत्री उमेश चौधरी, संतोष चंद्रवंशी, नगर उपाध्यक्ष बृजेश शर्मा, रिजु साहू, रवि केसरी, नगर मंत्री अमृत वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष गणेश चौधरी, जिला कला प्रकोष्ठ के अजय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के जिला मंत्री गौरव कुमार, नितेश कुशवाहा, सोनी चौधरी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर न्यायालय परिसर में पौधरोपण कर लोगों को किया गया जागरूक



**जहानाबाद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त प्रयास से विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर न्यायालय परिसर में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया गया।पौधरोपण के पूर्व गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण करते हुए पौधों का पूजन कर पौधरोपण की शुरूआत की गई। जिला जज डॉ राकेश कुमार सिंह एवं अन्य न्यायाधीश के द्वारा पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आज कल पर्यावरण प्रदूषण की ओर सभी का ध्यान है। पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के साथ-साथ मानवीय अंतः करण में श्रद्धा, संवेदना की उत्कृष्टता के प्रयास भी किये जाने चाहिए। गायत्री परिवार के प्रयासों से पूरे जिले में वृक्षारोपण अभियान को असाधारण गति मिली है। विशेष प्रसन्नता की बात है कि गायत्री परिवार वृक्षारोपण अभियान को मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़कर गति प्रदान कर रहे हैं। जब प्रकृति से प्यार हो जाता है तो अंतःकरण में भाव संवेदनाओं की गंगोत्री प्रवाहित होने लगती है।आज कल पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पेड़ लगाने की प्रेरणा दी जाती है जो समय की प्रबल मांग एवं युगधर्म है।लेकिन पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है,उनसे प्रेम करना भी सीखना होगा। यही हमारी संस्कृति है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा वृक्षारोपण अभियान का द्वितीय वार्षिकोत्सव भी मनाया गया।

### बेलाउर पंस सदस्य हत्याकांड में शामिल मुख्य शूटर समेत पांच अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** जिले के बिहिया इलाके में पुलिस ने डकैती की साजिश करते बेलाउर पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार गुप्ता हत्या को अंजाम देने वाले शूटर समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पांचों को रविवार की रात बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनमें बिहिया थाना क्षेत्र के बारा खरौनी गांव निवासी शेषनाथ राय का बेटा रितेश कुमार, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के नवादा बेन गांव निवासी संजय सिंह का बेटा यशराज, बहोरनपुर ओपी के गौरा गांव निवासी ओशियर पासवान का बेटा कन्हैया कुमार, सुनील कुमार का बेटा सुजीत कुमार और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भदैया निवासी अरविंद सिंह का बेटा उज्जवल कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से तीन देसी कट्टा, आठ गोली, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की। रितेश कुमार पंसस हत्याकांड का मुख्य शूटर है। गिरफ्तार एक अन्य अपराधी की बाइक की भी हत्याकांड में इस्तेमाल की गयी थी। यशराज व कन्हैया भी गोलीबारी के एक मामले में वांटेड थे। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार की रात सूचना मिली कि आरा-बक्सर एनएच 84 पर बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मोड़ के समीप कुछ अपराधी कर्मी हथियार के साथ डकैती या बड़े वारदात को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं।

**निक्षय पोषण योजना के तहत जिले के 1802 टीबी मरीजों को निर्गत किये गए 43.87 लाख रुपये**

# टीबी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार जरूरी

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश से 2025 तक टीबी उन्मूलन को लेकर सरकार द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहे हैं। टीबी मुक्त भारत मुहीम के तहत नए मरीजों को खोजने के साथ-साथ टीबी से ग्रसित हुए मरीजों को भी टीबी से मुक्ति दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। टीबी मरीजों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं योजनाओं में निक्ष्य पोषण योजना एवं निक्षय मित्र योजना शामिल है, जिसमें सरकार के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आम लोग भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत सरकार टीबी से व्यस्त मरीजों को प्रतिमा 500 पौष्टिक आहार के लिए प्रदान करती है जो टीबी मरीज के बैंक खाता में सीधे पहुँचता है। इसके अलावा निक्षय मित्र योजना के तहत जनप्रतिनिधि, समाजसेवी,




समाजसेवी संस्था, एनजीओ या आम लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर प्रत्येक माह पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रहे हैं। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में अब तक 9 लोगों ने कुल 14 टीबी मरीजों को गोद लिया है, जिसमें डॉक्टर, जनप्रतिनिधि एवं आम लोग शामिल हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए टीवी मरीजों को सरकारी अस्पतालों में निबंधन कराना अनिवार्य होता है।

### टीबी मरीजों का रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना जरूरी :

सीडीओ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि टीबी मरीजों का रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। यदि टीबी से ग्रसित मरीजों का रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं ना जाए तो यह बीमारी और गंभीर हो जाती है और ऐसे में मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। सीडीओ ने बताया कि अधिकांशत टीबी के मरीज काफी गरीब होते हैं, ऐसे में वे लोग पौष्टिक आहार के लिए सक्षम नहीं होते हैं, इसलिए सरकार ने निक्षय पोषण योजना तथा निक्षय मित्र योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद टीबी मरीजों को हर महीने पोषण योजना की राशि तथा निक्षय मित्र योजना का पौष्टिक आहार उन्हें मिलता रहे तभी उनका रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होगा और वो बीमारी से बीमारी से लड़ने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार के माध्यम से टीबी के मरीजों का रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है, इसलिए टीबी से ग्रसित लोग खानपान में पौष्टिक आहार का इस्तेमाल जरूर करें।

### पिछले साल 4.87 लाख की राशि की गयी निर्गत :

सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में निबंधित टीबी से ग्रसित मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए प्रत्येक माह 500 की राशि उपलब्ध कराई जाती है। यह राशि तब तक उपलब्ध पाई जाती है जब तक मरीज उपचाराधीन होता है। जिला यक्ष्मा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2022 तक जिले के 1802 टीबी मरीजों के बीच 43 लाख 87 हजार 500 रुपये निक्षय पोषण योजना के तहत राशि बांटी गई है। वही 1 जनवरी से 31 मई 2023 तक 171 लाभान्वितों के बीच 1 लाख 74 हजार 500 रुपये निक्षय पोषण योजना के तहत राशि बांटी गई है।

## खबरें फटाफट

### आपसी विवाद में तीन जख्मी, हालत गंभीर

**राजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रोहिणीभान गांव में सोमवार की सुबह आपसी वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें गांव के ही जगन्नाथ राम, ठाकुर प्रसाद राम एवं अरुण कुमार राम बुरी तरह से जख्मी हो गए। जख्मियों को इलाज के लिए सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव के जनार्दन राम एवं परीखन राम के बीच वर्चस्व को लेकर पहले कहासुनी हुई एवं देखते ही देखते दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष युसूफ अंसारी ने एक पक्ष के परीखन राम, धनीक्षण राम, राकेश राम, श्रीकांत राम, वीरेंद्र राम एवं द्वितीय पक्ष के जनार्दन राम, सुखारी राम एवं कृष्णा राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर लगाए गए पौधे

**केसठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय के परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण की सुरक्षा के उदेश्य से पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा सहित प्रखंड कर्मी और मनरेगा कर्मियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। इस दौरान परिसर में पीपल, अमरूद सहित दर्जनों फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि पर्यावरण हमारी अमूल्य निधि है, पर्यावरण का संवर्धन और संरक्षण हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। वहीं, बीडीओ ने पर्यावरण के महत्व से लोगों को अवगत कराया तथा पर्यावरण संरक्षण तथा पेड़ लगाने के फायदे बताएं।

### राजद ने दिया एकदिवसीय धरना

**बक्सर।** सोमवार को युवा राष्ट्रीय जनता दल ने जातीय जनगणना की मांग, नई शिक्षा नीति तथा बेकाबू महंगाई के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्येंद्र आजाद व संचालन सोशल मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने किया। उसी के आधार पर आज तक भारत सरकार द्वारा नीति नियोजन, शिक्षा, महंगाई, गरीबी एवं बजट पास करते हुए आई है। जातीय जनगणना कराने से विभिन्न तबकों के हित मे होगा। धरना में मुख्य रूप से अजीत कुमार यादव, धनपति चौधरी, भुनेश्वर सिंह कुशवाहा, ओम प्रकाश माली, राजेश कुमार चौधरी, आफताब आलम, राजू प्रसाद, जवाहर पासवान, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, सोनू यादव, पवन पासवान, सीताराम तातो, संतोष कुमार भारती, अंजनी कुमार शर्मा, हरेंद्र सिंह, उमेश प्रसाद, वैभव यादव, जितेन यादव, बबलू यादव, मंजू सिंह, दीनबंधु कुमार गुप्ता, सरोज शर्मा, अंगद सिंह, श्री राम सिंह, आनंद रंजना, संतोष यादव, निर्मल कुशवाहा, मनोज यादव, जितेंद्र चौधरी, महेश यादव, सोनू यादव, अंगद राज समेत अन्य थे।

### बाइक से टकराई नीलगाय, पिता की मौके पर हुई मौत, पुत्र घायल

**सिमरी।** रविवार की शाम सिमरी नगवा पथ पर एक बाइक व नीलगाय की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई हैं। सिमरी नगवा पथ स्थित मध्य विद्यालय के समीप की हैं। जानकारी के अनुसार एक अधेड़ सिमरी से अपने पुत्र का हेयर कटिंग करवा अपने गांव की तरफ जा रहा था। इसी दौरान मध्य विद्यालय के पास अचानक एक नीलगाय उसके बाइक पर कूद गई। नीलगाय के कूदने से वह बाइक से सीधे सड़क किनारे खड़े पोल से टकरा गया। जिस कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दवनपुरा गांव निवासी गौरीशंकर यादव के पुत्र श्याम सुंदर यादव के रुप में हुई है। वही बाइक पर बैठे उसके पुत्र को आंशिक चोटें आई हैं।

# निकाय चुनाव: मतदान की तिथि नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, देर रात तक चल रहा प्रचार

## प्रचार अभियान के दौरान जनता के बीच कर रहे हैं लोक लुभावने वायदें

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय नगर परिषद चुनाव की अब काउंट डाउन शुरू हो गई हैं। प्रत्याशियों द्वारा जोर शोर से चुनाव प्रचार किया जा रहा हैं। पिछले सप्ताह भर से प्रत्याशी तथा उनके समर्थक अहले सुबह से देर रात तक विभिन्न वार्डों में जा जाकर जनता के सामने लोक लुभावने वायदें कर उन्हें अपने पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशान मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशी हैं। इस पद के लिए कई राजनीतिक सुरमाओं के परिजन भी मैदान में है। जिस कारण कईयों के लिए यह मुंछ की लड़ाई बन गई है। प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार अभियान तथा उनके चुनावी एजेंडे पर केशव टाइम्स ने उनसे राय साझा किया हैं। हम चेयमैन, उप चेयरमैन व वार्ड पार्षद के एक-एक प्रत्याशी से उनके चुनावी एजेंडे तथा जीत के बाद की प्राथमिकताओं पर चर्चा किए हैं। पेश हैं उसकी रिपोर्ट....

### डुमरांव को मॉडल शहर बनाने का है सपना : सुनीता गुप्ता



अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाते मुख्य पार्षद प्रत्याशी सुनीता देवी के पुत्र सुमित गुप्ता

सबसे पहले हमने मुख्य पार्षद पद की प्रत्याशी सुनीता गुप्ता से बात कर उनके चुनावी एजेंडे तथा जीत की बाद की प्राथमिकताओं को जानने की कोशिश की। उनके प्रतिनिधि तथा डुमरांव के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सुमित गुप्ता ने बताया कि वे डुमरांव को एक मॉडल शहर बनाने के उदेश्य से चुनावी रण में उतरें है। जीत के बाद प्राथमिकता के तौर पर नगर परिषद क्षेत्र में स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाया जाएगा। इसके अलावे बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की योजना भी हैं। सुमित ने बताया कि शहरी क्षेत्र में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान होगा तथा कूड़े को शहर के बाहर समुचित तरीके से निस्तारित करने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद विकास सुझाव बोर्ड तथा प्रत्येक वार्डों में शिकायत पेटी की व्यवस्था कर शहर को विकसित बनाने में जनता से सुझाव लिया जाएगा तथा जो सुझाव सर्वमान्य होंगे उनपर आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने डुमरांव की ज्वलंत समस्याओं में सबसे गंभीर बंदरों के उत्पात से मुक्ति दिलाने, सेंट्रल नाले का समुचित प्रबंधन, सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के विभिन्न जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, शहरवासियों को शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय व गरीबों के लिए मुफ्त आवास योजना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सात निश्चय व जन जीवन हरियाली के अलावे अन्य सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। वही सुमित ने कहा कि उन्हें इस चुनाव में अपार जनसमर्थन मिल रहा हैं। बता दें के मुख्य पार्षद पद की प्रत्याशी सुनीता गुप्ता के पुत्र सुमित ने कोरोनाकाल में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण कर खासी सुखियां पाई थी।

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास : जय प्रकाश गुप्ता



जनसंपर्क अभियान के दौरान अपने समर्थकों के साथ उप मुख्य पार्षद प्रत्याशी जयप्रकाश गुप्ता

इसी कड़ी में हमने उप मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशी तथा शहर के चर्चित जेपी चार्ट भंडार के प्रोपराईटर जयप्रकाश गुप्ता से भी उनका चुनावी एजेंडा जानने की कोशिश की तो उन्होंने कहा कि प्रचार अभियान के शुरूआत से ही उन्हें जनता का अपार प्यार दुलार मिल रहा हैं। उन्होंने अपनी जीत को सुनिश्चत बताते हुए कहा कि इस चुनाव में मुझे अपार समर्थन मिल रहा हैं तथा मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरनें का प्रयास करूंगा। जयप्रकाश ने अपनी प्राथमिकताओं में शहर को जाम से मुक्ति दिलवाने, फुटपाथियों की समस्याओं का समाधान करने, शहर को जलजमाव व कीचड़मुक्त करने के साथ ही मौका मिलने पर विकास की गंगा बहाने की बात कही हैं। उन्होंने कहा कि हमरा सपना नगर परिषद को स्वच्छ व सुंदर बनाना हैं। शहर को साफ सुथरा रख इसे प्रदूषण मुक्त शहर बनाया जाएगा तथा सरकारी योजनाओं का ईमानदारी से उपयोग कर नगर परिषद क्षेत्र को सर्वांगीण विकास में सहभागी बनूंगा। जयप्रकाश ने पढ़ाई, दवाई व सफाई को अपनी प्राथमिकताए बताया। जयप्रकाश की मानें तो शहर की मुख्य समस्याओं उनके जेहन में हैं। चुनाव जीतने के बाद प्राथमिकता के आधार पर उनका स्थायी समाधान किया जाएगा वही शहर में बस व टैंपो स्टैंडो की स्थापना करवा जाम से मुक्ति दिलाई जाएगी।

### जल निकासी के लिए बनाया जाएगा मास्टर प्लान : सुशीला देवी

नगर परिषद के वार्ड 18 की निवर्तमान पार्षद तथा पूर्व उप मुख्य पार्षद ब्रह्मा ठाकुर की पत्नी सुशीला देवी एक बार फिर से चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड की मुख्य समस्या जलजमाव की हैं। टेक्सटाईल कॉलोनी तथा लालगंज कड़वी पथ पर जलजमाव की समस्या के स्थानीय समाधान के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इसके तहत दो बड़े नालों का निर्माण करा उसमें नालियों को जोड़ वार्ड को जलजमाव से मुक्ति दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावे सड़कों का निर्माण, वार्ड में रौशनी की व्यवस्था तथा प्रत्येक मोहल्लों की नियमित सफाई करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वार्ड में पहले से ही सफाई व्यवस्था उच्चस्तरीय हैं। उन्होंने वार्ड का सर्वांगीण विकास के साथ ही जतकुटवा बस्ती तथा कड़वी के छूटे घरों में आवास योजना का लाभ देना। चारों तरफ स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि सुशीला देवी तथा उनके पहले उनके पति लगातार इस वार्ड से जीतते हाए हैं। वार्ड में इनकी मजबूत पकड़ हैं। ब्रह्मा ने अबतक के अपने कार्यों तथा जनता के भरोसे की बदौलत फिर से अपनी जीत का दावा किया हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता का प्यार व आशीवार्द उन्हें मिलते रहा हैं। उन्होंने कहा कि एक बार फिर जनता का अपार समर्थन मिल रहा हैं, इसलिए हमारी जीत निश्चित हैं।



जनसंपर्क अभियान चलाते वार्ड 18 की प्रत्याशी सुशीला देवी के समर्थक

## एक नजर

### दुस्साहस: चलती ऑटो में आभूषण की चोरी, रंगेहाथ गिरफ्तार हुए दो चोर



**चौगाई।** रघुनाथपुर चौगाई पथ पर सोमवार को चोरों का दुस्साहस देखने को मिला। चोरों ने रघुनाथपुर चौगाई पथ पर यात्रियों को ले जा रही एक चलती ऑटो में महिला यात्री के बैग से आभूषणों की चोरी कर ली। लेकिन आभूषण चुरा भागते हुए चालक व दूसरे यात्रियों ने ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें रंगेहाथ पकड़, उनकी अच्छी मरम्मत की। बाद में ग्रामीणों ने उन्हें मुरार पुलिस को सौंप दिया। उनके पास से महिला यात्री के बैग से चुराए गए आभूषण व पैसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के ढोरी पांडेयपुर के सीआईएसएफ जवान हृदयानंद यादव की पत्नी बसंती देवी सोमवार आरा से लौटने के दौरान रघुनाथपुर स्टेशन पर उतर ऑटो से अपने ससुराल आ रही थी। चालक ने उनके बैग को ऑटो के पीछे बांध दिया था। थोड़ी दूर पर दो उचक्के भी टेम्पो के पीछ लटक गए तथा बैग में ब्लेड मार 13 हजार रुपये नगद तथा सोने का लॉकेट और पायल चुरा लिये तथा फफदर मोड़ के पास टेम्पो से उतर भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान चालक की नजर उनपर पड़ गई तथा चालक ने हो हल्ला कर स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें पकड़वाने में सफल रहा। चोरों की पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र के बनकट निवासी बबन राय के पुत्र बिगन राय और सिपाही राजभर के पुत्र शत्रुघ्न राजभर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### चिंगारी से अनुसूचित जाति बस्ती में लगी आग, सात आशियानें खाक, मवेशी झुलसी



**राजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव स्थित अनुसूचित जाति बस्ती में सोमवार की दोपहर अचानक लगी आग में सात आशियाने खाक हो गए हैं। वहीं, एक भैंस भी झुलस गई हैं। इस घटना में अनग्राहीत राम, लालजी राम, सुरेंद्र राम, विजय राम, प्रेमचंद राम, दरोगा राम, चंदन राम का घर जलकर पूरी तरह से राख हो गया हैं। जिसमें लालजी राम की एक भैंस भी पूरी तरह से झुलस गयी है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर तेज हवा चलने से सभी लोग अपने घर में सो रहे थे, तभी कही से उड़ी चिंगारी से बस्ती के लालजी राम के झोपड़ीनुमा घर में आग पकड़ लिया। तेज हवा होने से घर के बगल से गुजर रहे धारा प्रवाहित तार भी टूट गया। जिससे शॉर्ट सर्किट होते ही आसपास के अन्य झोपड़ियों में भी आग पकड़ लिया। आग की तेज लपटों को देख ग्रामीणों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आवाज सुन बस्ती के सैकड़ों की तादाद में लोग बाहर निकल कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जिसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। सूचना पर राजपुर एवं चौसा थाने की दो फायर ब्रिगेड गाड़ी एवं कर्मी पहुंचकर आग बुझाना शुरू कर दिए। लगभग दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### पहले दिन 14 हथियारों का हुआ सत्यापन



**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को डुमरांव थाने में 14 लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन कराया गया। बतौर मजिस्ट्रेट सह सीओ अंकिता सिंह और थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम के देखरेख में सत्यापन का कार्य संपन्न हुआ। लाइसेंसी हथियारों के सत्यापन को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के लाइसेंसी हथियार धारको की भीड़ लगी थी, जिसे मजिस्ट्रेट ने बारी-बारी से सत्यापन किया। इस दौरान प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि जो लाइसेंसी हथियार धारक निर्धारित अवधि के अंदर अपने हथियारों का सत्यापन नहीं कराते है तो वैसे धारकों का हथियार जब्त कर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि नगर परिषद चुनाव स्वच्छ, भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में कराने को लेकर जिला प्रशासन ने नप क्षेत्र के सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने-अपने हथियार सत्यापन कराने का निर्देश दिया था, जिसकी तिथि पांच और छह जून तक निर्धारित की गयी हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 9 साल बेमिसाल के तहत भाजयुमो ने किया पौधरोपण, लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

# भाजपा शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रही है: सौरभ तिवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल बेमिसाल के तहत भारतीय जनता पार्टी ने जिलेभर में पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य से पौधरोपण किया है। साथा ही, लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया हैं। इस दौरान पार्टी तथा उसके अलग-अलग विंग्स द्वारा जिले के विभिन्न जगहों पर पौधरोपण किया गया। जानकारी के अनुसार बक्सर के आईटीआई फिल्ड में भाजयुमों के जिलाध्यक्ष सह चर्चित छात्र नेता सौरभ तिवारी के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने पौध रोपण किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष सौरभ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत व स्वस्थ्य भारत का नारा दिया हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस लक्ष्य को पौधरोपण कर तथा सफाई अभियान



चला ही पूरा किया जा सकता हैं। सौरभ की मानें तो भाजपा शुरू से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रही है। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता जिलेभर में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। मौके पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह, ओमजी यादव, अंपु राय, राहुल दुबे, जिलामंत्री चन्दन सिंह, प्रवक्ता दुर्गेश उपाध्याय, अभिषेक सिंह, बिट्टू तिवारी, श्यामजी केशरी, धनजी यादव, ओमप्रकाश सिंह, रवि सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, शुभम गुप्ता, बलिराम केशरी, अमित सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा के बगेन मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन के नेतृत्व में विश्वपर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल के तहत पौधरोपण भी किया गया। मंडल अध्यक्ष उदय ने ह्लसांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाए हमह्न का नारा दिया। उन्होंने कहा कि ने कहा उन्होंने कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या तथा पेड़ो की अंधाधूंध कटाई से वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि पुरखों द्वारा जो पौधे लगाए गए हैं उन्हीं की बदौलत हमारा जीवन चल रहा है। लेकिन हम उन पेड़ों की संख्या बढ़ाने के बदले उन्हें काट रहे हैं। पेड़ पौधों के नहीं रहने से आने वाले समय में हमलोगों को सांसे लेने के लिए ऑक्सीजन नहीं मिल पायेगे। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में बगेन मंडल क्षेत्र आठ पंचायतों में 1100 पौधों का रोपण भाजपा द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम में पारस ठाकुर, उपेंद्र सिंह, मनजी पासवान, अजय सिंह टुन्ना, रामजी यादव, उमाशंकर सिंह यादव उर्फ ब्यास, योगेन्द्र सिंह, शुभम सिंह, रेयांश उज्जैन, सुशीला देवी, निलम देवी उपस्थित रही।


मदर टेरेसा

प्यार की भूख को दूर करना रोटी की भूख से कहीं अधिक कठिन है।



## खबरें फटाफट

### हाईटेक नर्सरी निर्माण हेतु चयनित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**मऊ।** जनपद में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के साधन उत्पन्न करने के उद्देश्य से आज पर्यावरण दिवस पर उद्यान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं कृषक आय संवर्धन को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी पर हाईटेक नर्सरी निर्माण हेतु चयनित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान कराते हुए नि:शुल्क पौधे भी वितरित किए गए। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एलसी वर्मा ने समाज को जागरूक करने के लिए पौधरोपण के फायदे बताएं। पेड़ लगाने का एक मुख्य लाभ यह है कि वे हमें जीवन देने वाली ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। ऑक्सीजन की उपस्थिति के बिना जीवित प्राणियों का अस्तित्व संभव नहीं है। जिला उद्यान अधिकारी मऊ संदीप गुप्ता ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी पर मनरेगा योजना से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से हाई टेक नर्सरी का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए इसी गांव की 5 समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन के माध्यम से गुणवत्ता युक्त नर्सरी पौध तैयार कर जनपद में साग भाजी का उत्पादन बढ़ाने के लिए तथा अगल-बगल के जनपद बलिया और गाजीपुर में भी बेहन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इससे समूह की महिलाओं को आय में वृद्धि के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त बेहन पौध उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। समूह की महिलाओं को उद्यान विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम में नि.शुल्क फलदार और वन्य पौधे भी प्रदान किए गए।

### अवैध तमंचा के साथ फोटो डालने पर युवक को जेल

गाजीपुर?। सोशल मीडिया पर अवैध पिस्टल के साथ वायरल फोटो के आधार पर थाना सादात पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को अवैध पिस्टल व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अवैध पिस्टल के साथ फोटो वायरल करने वाला अभियुक्त प्रवेश राजभर पुत्र लोरिक राजभर ग्राम तालगाँव थाना भुड़कुड़ा का निवासी है। पुलिस ने उसे रविवार की रात करीब 23.50 बजे कनेरी रेलवे क्रासिग अंडर पास, ग्राम कनेरी थाना सादात गाजीपुर से गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा थाना सादात में पंजिकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूध्द नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शैलेष कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार, आरक्षी विनेश पाल व अनिल कुमार यादव शामिल रहे।

# गाजीपुर में हुई पुलिस मुठभेड़ : बक्सर के चार शातिर अपराधी गिरफ्तार, एक जख्मी

❐ ट्रैक्टर ट्रॉली की चोरी की घटनाओं में थे शामिल, खंगाला जा रहा है इतिहास

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में पुलिस ने बीती रात चार शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई है। चारों अपराधी बिहार के बक्सर जिले के रहने वाले हैं। लेकिन, धर-पकड़ के दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में पकड़े गए अपराधियों में से एक को पैर में गोली लग गई। जिसके कारण उसका इलाज सरकारी अस्पताल में कराया जा रहा है। साथ ही, सिटी एसपी ने मौके पर पहुंच कर सभी बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगालने का निर्देश दिया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान बक्सर जनपद के इटाढ़ी का निवासी हरेंद्र कुमार सिंह, सुनील सिंह यादव, रघु चौहान और कुकड़ा निवासी रवि रंजन रजक के रूप में की गई है। वहीं, पुलिस से हुई मुठभेड़ में रवि को गोली लगी है। पुलिस की मानें तो उसके खिलाफ बक्सर और गाजीपुर जनपद के अलग-अलग थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं।

घटना के संबंध में एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि भांवरकोल थाना को सूचना मिल रही थी कि उनके थाना अंतर्गत क्षेत्र में गत दिनों वाहन (ट्रैक्टर-ट्रॉली) चोर सक्रिय हैं। जिनको पकड़ने के लिए पुलिस ने मुखबिरों को लगाया था। इस बीच बीती रात मुखिर द्वारा भांवरकोल थाना की पुलिस और स्वाट टीम को मुखबिर से सूचना मिली है कि क्षेत्र में सूचना पर स्थानीय पुलिस व स्वाट टीम ने अवथहीं मोड़ पर चेकिंग शुरू कर दी। इस बीच बाइक सवार तीन बदमाश आते दिखे। अवथहीं मोड़ पर तैनात पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो शातिर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने लगे। लेकिन, किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। हड़बड़ाहट में थोड़ी ही दूर लगभग 100 मीटर आगे जाकर बदमाशों की बाइक फिसल कर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। भाग रहे उसके दो साथियों को दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ लिया। इनका एक अन्य साथी, जो चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पीछे से आ रहा था वह पुलिस को देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को पीएचसी गोडसर भेजा गया।





# पर्यावरण बचाने के लिए जीवन शैली में लाएं बदलाव : डीएम

❐ जनपद में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, सभी खंडों में जगह जगह किए गए पौधरोपण
❐ वन विहार पार्क जीराबस्ती में प्लास्टिक प्रदूषण हेतु समाधान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन
❐ कार्यक्रमों के विजेताओं को अपर जनपद न्यायधीश सुरेन्द्र कुमार ने किया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/बलिया**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में जगह जगह पौधरोपण किया गया। साथ ही, जनपदवासियों को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का भी संदेश दिया गया। इस क्रम में सोमवार को वन विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने वन विहार, जीरावस्ती परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। साथ ही, उन्होंने वन विहार परिसर, तालाब, राकरी, लान व वन विहार नर्सरी का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधों को रोपण करने, मिशन लाईफ के अन्तर्गत पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव करने हेतु जनमानस से अपील किया गया। प्रवीण वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विहार, जीराबस्ती पार्क में मौलश्री वृक्ष लगाया गया तथा प्रकृति के महत्व के संबंध में उपस्थित वनकर्मियों एवं अन्य जनमानस को विस्तृत रूप से बताया गया तथा अधिक से अधिक पौधरोपण पर जोर दिया गया।



### पर्यावरण को बचाने का एकमात्र सार्थक उपाय पौधरोपण

बलिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को सूचना कार्यालय में जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यालय में वृक्षारोपण के साथ कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को पर्यावरण के प्रति शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की पर्यावरण दिवस पर मुख्य थीम के रूप में श्पर्यावरण के लिए जीवन शैलीश् को एक मिशन के रूप में माना गया है,जिसके तहत हमें ऐसी जीवन शैली अपनानी होगी, जिससे पर्यावरण को किसी प्रकार से नुकसान न पहुंचे, बल्कि पर्यावरण का संबर्द्धन हो। मानव एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। परस्पर समायोजन द्वारा ही पर्यावरण एवं पारिस्थिति तंत्र को बचाकर पृथ्वी को विनष्ट होने से बचाया जा सकता है। वर्तमान समय में पर्यावरण को बचाने का एकमात्र सार्थक उपाय वृक्षारोपण कर वन आवरण को बढ़ाना है। इसके लिए जन-जागरूकता लाकर जन-जन को पौधे लगाने हेतु प्रेरित करना होगा। हमें प्रत्येक त्यौहारों, उत्सवों, जन्मदिन, वैवाहिक दिवस एवं श्राद्ध कर्म के अवसर पर पौधे लगाकर पर्यावरण को समृद्ध बनाना होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

इसी संदर्भ में मुरली मनोहर टाउन इण्टर कालेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूली बच्चों का चित्रकला कार्यक्रम सुबह 8 से 9 बजे तक कराया गया। जिसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बलिया ने पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के सम्बन्ध में शपथ दिलाया। जिसमें प्रभागीय निदेशक बलिया, अपर जिलाधिकारी बलिया, नगर मजिस्ट्रेट बलिया, उपजिलाधिकारी सदर बलिया, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया गया। वहीं, वन विभाग द्वारा वन विहार पार्क जीराबस्ती में विश्व पर्यावरण दिवस की विषय वस्तु 'प्लास्टिक प्रदूषण हेतु समाधान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मा० अपर जनपद न्यायधीश सुरेन्द्र कुमार के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया तथा अन्य प्रतिभागियों को भी सान्तवना पुरस्कार प्रदान किया गया।

### सभी रेंजों में विभिन्न प्रकार से जागरूकता कार्यक्रम

न्यायधीश ने वन विहार परिसर में मौलश्री पौध का रोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बलिया जनपद में वन विभाग के सभी रेंजों में विभिन्न प्रकार से जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठी का आयोजन, मिशन लाईफ के अन्तर्गत साफ-सफाई, स्वच्छ गंगा, पालीथीन मुक्त व विभिन्न स्थलों पर पौधरोपण कर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीके आनन्द, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बलिया द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बलिया जनपद के जनपदवासियों से पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण, गंगा की सफाई, पालीथीन मुक्त, जल संरक्षण पर जोर देते हुए जनता से अपील किया गया कि अपने आस-पास पौधों का रोपण अवश्य करे। कार्यक्रम में राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बैरिया, शंकरनाथ सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, सुधीर कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बेल्थरारोड, अमित कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी, सिकन्दरपुर, जयशंकर प्रसाद वर्मा, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, एजाज अहमद, वरिष्ठ सहायक श्री भूपेन्द्र कुमार तिवारी, प्रभारी आशुलिपिक कृष्ण कुमार सिंह, वनदरोगा, अखण्ड प्रताप सिंह, वनदरोगा, अजय कुमार, वनदरोगा तथा वन विभाग के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## पांच जुआरियों के पास से आठ मोटर साइकिल व तीन लाख 22 हजार बरामद

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** पुलिस ने जुआ के एक अड्डे पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए जुआरियों के पास से पुलिस ने तीन लाख 22 हजार रुपए नगदी के साथ आठ बाइक और जुआ खेलने के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली दो ताश की गड्डी बरामद हुई है। कुछ अन्य जुआरी भागने में सफल रहे। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की पुलिस को कई दिनों से सूचना मिल रही थी की सदर कोतवाली क्षेत्र के टेढ़वा में गोरख बिंद के घर में जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य भागने में सफल रहे। जिसमें मुंख्य अभियुक्त गोरख बिंद भी भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुगेन्द्र लाल नंदगंज थाना क्षेत्र के पिपरहीं गांव का, नर्वदेश्वर मिश्र जंगीपुर थाना क्षेत्र के बाबूराय, मृत्युनंजय गुप्ता सदर कोतवाली, भीम मल्ल मऊ जनपद और मिंटू वर्मा मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

## 32 साल पहले हत्या के मामले में मुख्तार अंसारी को आजीवन कारावास, एक लाख जुर्माना

**केटी न्यूज/गाजीपुर/वाराणसी**

32 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड में वाराणसी एमपी/एमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए अवनीश गौतम की अदालत ने माफिया मुख्तार को आजीवन कारावास के साथ एक लाख जुमार्ना भी लगाया है। वाराणसी और प्रयागराज में हुए मुकदमें की सुनवाई लहुराबीर क्षेत्र में



तीन अगस्त 1991 को पूर्व विधायक अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की घर के बाहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अजय राय ने इस हत्याकांड को लेकर मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, भीम सिंह, कमलेश सिंह व राकेश न्यायिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने पर अदालत ने उक्त मुकदमे में फैसले के लिए पांच जून की तिथि मुकर्रर की थी। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए अवनीश गौतम की अदालत में लंबित मुकदमे में पिछली सुनवाई पर मुख्य आरोपित पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने 41 पृष्ठ में अपनी लिखित बहस अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया था।

## एक नजर

### ना तीर से ना तलवार से पेंशन बहाल होगी आपकी एकजुटता और वोट के प्रहार से : विजय कुमार




**बलिया।** राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा के दौरान अटेवियन्स को संबोधित करते हुए कलक्ट्रेट स्थित धरना स्थल परिसर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए। उन्होंने कहा कि में देश की उन्नति के लिए दिन-रात श्रम करने वाला कर्मचारी हाशिये पर है।सरकार कर्मचारी की बुढ़ापे की लाठी पेंशन को समाप्त कर अमानवीय कार्य कर चुकी है। उम्मीद है सरकार हमारी पुरानी पेंशन बहाली शीघ्र करेगी। उल्लेखनीय है कि निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा एक जून से चम्पारण से आरम्भ होकर देशभर में कई चरणों में संचालित होगी। बिहार में यात्रा सम्पन्न होकर रविवार की शाम जेपी ट्रस्ट, पहुंची। जहां सोमवार की सुबह जेपी ट्रस्ट पर सम्पूर्ण क्रांति के जननायक जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उत्तर प्रदेश में यात्रा का शुभारंभ किया। तत्पश्चात शहीद स्मारक बैरिया पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विजय बन्धु जी के नेतृत्व में संचालित यात्रा बैरिया, हल्दी, दुबहर, बलिया नगर में अटेवा और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।जिला धरना स्थल पर आयोजित सभा को सत्येंद्र राय(प्रदेश उपाध्यक्ष), नीरज पति त्रिपाठी (महामंत्री), रंजना सिंह (महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष), भारत सिंह यादव, पीडब्ल्यूडी प्रदेश अध्यक्ष, नरेश ठाकुर राष्ट्रीय सलाहकार एनएम ओपीएस, डॉ. कमल उसरी रेलवे, डीएन सिंह केंद्रीय रिटायर्ड साथी, अशोक कुमार चिकित्सा महासंघ प्रदेश महामंत्री, समीर कुमार पाण्डेय, जिला संयोजक आदि ने संबोधित किया।

### पौधरोपण कर मनाया सीएम योगी का 51 वां जन्म दिवस



**बलिया।** पूर्व मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ल द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के 51 वें जन्मदिवस पर ग्राम-किशुनीपुर (पिपरा) में 51 पौधरोपण कर मुख्यमंत्री योगी के दीघार्यु व यशस्वी होने की कामना की। साथ ही समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के जन-जन के सेवार्थ एवं सनातन संस्कृति के गौरव में वृद्धि हेतु जिस प्रकार से निरन्तर कार्य कर रहे हैं, हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। हमारी शुभकामनाएं हैं कि मुख्यमंत्री दीघार्यु और यशस्वी हों। साथ ही, ऐसे ही भारत माता की सेवा में सदैव गतिमान रहें। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार दुबे, दुर्गेश राय, अभिषेक सोनी, घनश्याम पांडेय, अखिलेश वर्मा, राकेश ठाकुर, हरेन्द्र राजभर, शशिकान्त चौबे, राजू पाण्डेय, सोनू दुबे, प्रेम राय, विशाल गौतम, मिथिलेश पाण्डेय, शिवजी चौबे, मनोज पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण ओझा ने किया व संचालन भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनुभव सिंह ने किया।

### मऊ जनपद में सामूहिक विवाह के लिए कुल 127.50 लाख रुपए का बजट आवंटित



मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जनपद स्तरीय समिति एवं क्रय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 250 जोड़ो हेतु 51 हजार रुपए प्रति जोड़े की दर से सामूहिक विवाह हेतु कुल 127.50 लाख रुपए के बजट का आवंटन हुआ है। क्रय समिति द्वारा 10 हजार रुपए प्रति जोड़ें हेतु सामानों का क्रय किया जाना है। इसके अलावा शादी आयोजन में व्यवस्था संबंधित 6 हजार रुपए प्रति जोड़ें तथा प्रति लाभार्थी 35 हजार रुपए की दर से बजट को खर्च किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समय से टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिए, जिससे समय के अभाव में तैयारियां अपूर्ण ना रहे, साथ ही जोड़ों को दी जाने वाली सामग्री भी समय से सुलभ हो सके एवं उनकी गुणवत्ता की भी जांच की जा सके। उन्होंने जोड़ों को दिए जाने वाले सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। सामानों की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन विकासखंड स्तर पर कराने को कहा। जिसकी देखरेख में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक संपादित किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रशांत नागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जनपद स्तरीय समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को प्रदान करेंगी ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां

# जनपद में सात से 22 जून तक चलेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा

❐ ओआरएस घोल पिलाएं, बच्चों को डायरिया से बचाएं: सीएमओ

**केटी न्यूज/बलिया**



गर्मी के मौसम में डायरिया का प्रकोप बढ़ जाता है, ऐसे में जरूरी है ?कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। शरीर को लगातार हाईड्रेट करते रहें। डायरिया को नियंत्रित करने में ओआरएस का घोल और जिंक की गोली रामबाण की तरह काम करती है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार का। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सात से 22 जून तक जनपद में दस्त नियंत्रण पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोली वितरित करेंगी। इसका यह मतलब नहीं है कि जब स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध कराये तभी इसका इस्तेमाल करना है। इस अभियान का उद्देश्य है कि लोग ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोली के प्रति जागरूक हों और नियमित रूप से गर्मी के दौरान अपने पास रखें और आवश्यकता पड़ने पर इस्तेमाल करें।

उन्होंने बताया कि डायरिया, बच्चों के लिए घातक हो सकता है, इसलिए बच्चों को लेकर खासतौर पर सावधानी बरतें। उल्टी-दस्त होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं और चिकित्सक से परामर्श लें। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पांच वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों के घर में ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी। इसके अलावा बच्चों वाले घरों में वह ओआरएस का घोल तैयार करने की वि?धि भी बताएंगी जिससे जरूरत पड़ने पर घर में घोल तैयार कर बच्चे को दिया जा सके। साथ ही बच्चों को हाथ धोने के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है। खासकर हाथों की सफाई का ध्यान रखें। गर्मी में खुद को हाईड्रेट रखने के लिए समय-समय पर पानी पीते रहें और डायरिया होने पर ओआरएस का घोल लेना न भूलें, केवल चिकित्सक के परामर्श पर ही दवा लें।

गृह भ्रमण के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डायरिया ग्रसित बच्चों की कुपोषण की जांच भी कराएंगी और यदि बच्चा कुपोषण की श्रेणी में मिला तो उसे तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा आशा कार्यकर्ता लोगों को डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई, पौष्टिक आहार और कोई समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार शुरू कराने की सलाह भी देंगी।